# MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM AND COMMUNICATION

## // UNIVERSITY LIBRARY //

## -: NEWS CLIPPING SERVICE -:

## DATE:01 AUGUST. 2025

दैनिक भास्कर भोपाल 01-08-2025

# एमसीयू: पहले आओ पहले पाओ पर 14 तक एडमिशन

एजुकेशन रिपोर्टर | भोपाल

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि (एमसीयू) के विभिन्न स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की सभी सीट अभी तक नहीं भरा सकी हैं। इसके चलते अब यूनिवर्सिटी पहले आओ पहले पाओ (फर्स्ट कम फर्स्ट सर्व) के आधार पर एडमिशन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक विद्यार्थी 14 अगस्त 2025 की रात 12 बजे तक एमपीऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

यूजी स्तर के 12 से ज्यादा कोर्स में सीट खाली हैं। इनमें इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, मल्टीमीडिया, ग्राफिक्स एंड एनीमेशन, फिल्म एंड कम्युनिकेशन स्टडीज और मीडिया रिसर्च में बीएससी, प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग में बीटेक, एडवरटाइजिंग एंड पब्लिक रिलेशनस, जर्नलिज्म एंड क्रिएटिव राइटिंग, इंग्लिश जर्नलिज्म, हिंदी भाषा तकनीक एवं अनुवाद में बीए, बीसीए, बीबीए (ई-कॉमर्स) और बीकॉम (मैनेजमेंट) आदि पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश लिया जा सकता है। ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने इंजीनियरिंग की किसी भी विधा में डिप्लोमा किया हो, बी.टेक (प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग) में प्रवेश ले सकते हैं।

## 5 पीजी कोर्स में सीट खाली

पीजी स्तर के कोर्स में न्यू मीडिया तथा मीडिया रिसर्च में एमएससी और मीडिया बिजनेस मैनेजमेंट में एमबीए और एमसीए पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए भी आवेदन आमंत्रित हैं। लाइब्रेरी एवं इनफार्मेशन साइंस के स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में भी इच्छुक विद्यार्थी प्रवेश ले सकते हैं।

# एमसीयू में प्रवेश के लिए सीएलसी राउंड की अंतिम तिथि 14 अगस्त

**भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय ने कुछ पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों पर कॉलेज लेवल काउंसलिंग राउंड के तहत पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर प्रवेश की अंतिम तिथि 14 अगस्त, 2025 तय की है। इच्छुक विद्यार्थी मध्यप्रदेश सरकार के एमपीऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से रात 12 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय परिसर में बी.ए., बी.एससी., बी.बी.ए., बी.कॉम., बी.सी.ए. तथा बी.टेक. (प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग) जैसे स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश की सुविधा उपलब्ध है। वहीं, स्नातकोत्तर स्तर पर एम.एससी. (न्यू मीडिया व मीडिया रिसर्च), एम.बी.ए. (मीडिया बिज़नेस मैनेजमेंट), एम.सी.ए. तथा लाइब्रेरी साइंस के कोर्सेज में भी प्रवेश लिया जा सकता है। इंजीनियरिंग डिप्लोमा धारक बी.टेक. में सीधे प्रवेश के पात्र हैं।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'NAIDUNIYA'31 JULY.2025